यूटीयू के कुलपति को भरसार विवि की भी जिम्मेदारी

देहरादून। उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विवि भरसार के कुलपति प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक का इस्तीफा राजभवन ने मंजूर कर लिया है। उनकी जगह अब वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह को छह माह के लिए भरसार विवि के कुलपति को जिम्मेदारी दी गई है। प्रो. ओंकार सिंह अपने वर्तमान दायित्वों के साथ ही भरसार विवि के कुलपति की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। गौरतलब है कि भरसार विवि के कुलपति प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक का चयन महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर के कुलपति के तौर पर हुआ तो उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। ब्यूरो